E-mail: coecsjmuniversity@gmail.com
☎: 0512-2246609
☎: 0512-2246608

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी.ओ.ई./297/2026 दिनांक : 31/03/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

विषयः सत्र 2025–26 की स्नातक एवं परास्नातक मुख्य वार्षिक परीक्षा के संस्थागत व व्यक्तिगत छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म सब्मिशन एवं परीक्षा शुल्क जमा करने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक सी0एस0जे0एम0वि0वि0/सी0ओ0ई0/274/2026 दिनांक 18.02.2026 के पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में सत्र 2025–26 की स्नातक एवं परास्नातक मुख्य वार्षिक परीक्षा के अर्ह संस्थागत, व्यक्तिगत, भूतपूर्व एवं बैक पेपर के छात्र/छात्राओं (जो पाठ्यक्रमों की निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत है) हेतु ऑन–लाइन परीक्षा फार्म सब्मिशन एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि 31.03.2026 तक निर्धारित की गयी थी। विभिन्न महाविद्यालयों एवं छात्र/छात्राओं के अनुरोध पर स्नातक एवं परास्नातक मुख्य वार्षिक परीक्षा के अर्ह संस्थागत, व्यक्तिगत, भूतपूर्व एवं बैक पेपर के छात्र/छात्राओं हेतु ऑन–लाइन परीक्षा फार्म सब्मिशन एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 07.04.2026 तक विस्तारित की जाती है।

अतः आदेशानुसार अनुरोध है कि अपने स्तर से सभी सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को अवगत कराते हुए उनका ऑन–लाइन फार्म सब्मिशन एवं शुल्क जमा कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
2. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
3. श्री शरद प्रकाश निगम, प्रोग्रामर, पी0एम0यू0 सेल को उक्त तिथि से परीक्षा फार्म सब्मिशन प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. प्रभारी, कोडिंग।
5. गार्ड फाइल।

(अंजलि मौर्या)
उप–कुलसचिव (परीक्षा)